आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 103 | उज्जैन, बुधवार 05 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना अन्तर्गत पोषण भी- पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 30 करोड़ 56 लाख रूपये की स्वीकृति

## प्रदेश में राजस्व भू-अभिलेखों के लंबित डिजिटाइजेशन के लिए 138 करोड़ 41 लाख रुपये की स्वीकृति



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा केन्द्र प्रवर्तित सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना अन्तर्गत ÷पोषण भी- पढ़ाई भी÷ प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं भारत सरकार के मापदंडों अनुसार इसके आयोजन के लिए 30 करोड़ 56 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसका उद्देश्य बाल्यावस्था के प्रथम एक हजार दिवस में प्रारंभिक उद्दीपन, 3 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के लिए ईसीसीई (देखभाल व शिक्षा) को बढ़ावा देना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ईसीसीई एवं शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करना, खेल आधारित उच्च गुणवत्ता प्रदान करना है। इसका लक्ष्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का क्षमता संवर्धन एवं परियोजना में एक बाल विकास परियोजना अधिकारी 3 पर्यवेक्षकों को मास्टर ट्रेनर बनाना हैं।

### गेहूं का उपार्जन रूपये 2,600 प्रति क्विंटल पर

मंत्रि-परिषद द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों को गेहूं उपार्जन पर बोनस भुगतान एवं सरप्लस गेहूं के निस्तारण के संबंध में गेंहू उपार्जन पर बोनस राशि रुपये 125/- प्रति क्विंटल के स्थान पर राशि में वृद्धि करते हुए राशि रूपये 175/- प्रति क्विंटल किये जाने का निर्णय लिया गया हैं।

निर्णय अनुसार गेहूं का उपार्जन रूपये 2,600 प्रति क्विंटल पर किया जायेगा। उपार्जन कार्य 15 मार्च से प्रारंभ हो जायेगा। गेंहू की एमएसपी दर रूपये 2,425 प्रति क्विंटल पर उपार्जन पर रूपये 175 प्रति क्विंटल बोनस दिया जायेगा। 80 लाख मीट्रिक टन गेंहू के उपार्जन पर 1,400 करोड़ रूपये राज्य के कोष से व्यय किया जायेगा।

# किसी को मियां-तियां या पाकिस्तानी कहना अपराध नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इससे धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होती



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने आज एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी को मियां-तियां या पाकिस्तानी कहना भले ही गलत हो, लेकिन धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने एक सरकारी कर्मचारी को पाकिस्तानी कहने के आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मामला बंद करते हुए यह टिप्पणी की।

आरोपी के खिलाफ केस बंद- यह शिकायत झारखंड के एक उर्दू अनुवादक और एक कार्यवाहक क्लर्क ने दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब वह सूचना के अधिकार (आरटीआई) आवेदन के बारे में जानकारी देने के लिए आरोपी से मिलने गया, तो आरोपी ने उसके धर्म का हवाला देकर उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

उन्होंने ये भी कहा कि उनके आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन को रोकने के लिए आपराधिक बल का इस्तेमाल किया।

इसके चलते उस व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के इरादे से अपमान करना) और 353 (सरकारी कर्मचारी को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) के तहत अपराध के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई।

# गोवा में धूमधाम से हुई थी शादी, 6 महीने बाद ही इंजीनियर ने कर ली आत्महत्या



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेंलगाना की राजधानी हैदराबाद से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि यहां पर एक 35 साल की सॉफ्टवेयर इंजीनियर देविका ने रविवार रात में आत्महत्या कर ली। इंजीनियर देविकाच ने स्थित अपने घर में इस कदम को देर रात उठाया।

इस बात की जानकारी मृतका के पति ने दी। उनके पति सतीश भी पेशे से इंजीनियर हैं। उन्होंने पुलिस और देविका के परिवार को इस संबंध में जानकारी दी। सतीश ने बताया कि देविका ने रविवार रात खुद को फांसी लगा ली।

देविका और सतीश पेशे से इंजीनियर हैं। करीब छह महीने पहले दोनों की शादी गोवा में बड़े धूमधाम से हुई थी। देविका ने शादी के इतने ही समय बाद ऐसा कदम क्यों उठाया इसको लेकर कोई खास जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

उधर, देविका के परिवार के लोगों ने आरोप लगाया कि सतीश उसे दहेज के लिए परेशान कर रहा था। इस कारण वह इतनी परेशान हो गई उसने ये चौंकाने वाला कदम उठा लिया। पूरे मामले में पुलिस जांच करने में लगी है। मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

# आईसीएमएआई ने किया दो दिन का सिम्पोजियम आयोजित, लोकसभा स्पीकर बोले-देश की प्रगति में ऐसे संस्थानों का अहम योगदान



नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉस्ट एकाउंटेंसी के क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्थान दि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, नॉर्दन इंडिया रीजनल काउंसिल (आईसीएमएआई) द्वारा दो दिवसीय सिम्पोजियम का आयोजन किया गया। इस सिम्पोजियम का उद्देश्य देश की तरक्की और उत्थान में आईसीएमएआई की महत्वपूर्ण भूमिका और योगदान पर मंथन करना है।

अर्डोप्शन टू चेंजिंग लैंड स्केप- माई विकसित भारत 2047 के नाम से आयोजित इस दो दिन तक चलने वाले सिम्पोजियम का आयोजन 28 फरवरी और 1 मार्च 2025 को नई दिल्ली के आईसीएआर कन्वेंशन सेंटर, एनएएससी कॉम्प्लेक्स, पूसा रोड पर किया गया। यह कार्यक्रम नॉर्दन इंडिया रीजनल काउंसिल (आईसीएमएआई) द्वारा आयोजित किया गया।

दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ मंच पर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में एस सी और एस टी के वेलफेयर के लिए गठित संसदीय कमेटी के चेयरपर्सन फग्गन सिंह कुलस्ते और लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज भी उपस्थित रहीं।

इनके अलावा आईसीएमएआई के नॉर्दन इंडिया रीजनल काउंसिल के चेयरमैन और कन्वीनर संतोष पंत, सेंट्रल काउंसिल मेंबर एम के आनंद, राजेंद्र सिंह भाटी, नॉर्दन इंडिया रीजनल काउंसिल के वाइस चेयरमैन एस एन मित्तल, को कन्वीनर एस के भट्ट, सेक्रेटरी राकेश यादव, ट्रेजरार जीवन चंद्रा, भारत सरकार में चीफ एडवाइजर कॉस्ट पवन कुमार के साथ मनीष कांडपाल, हनी सिंह, माधुरी कश्यप भी मंच पर पर मौजूद रहे।

# असम के पूर्व सीएम की बेटी ने ड्राइवर को चप्पल से पीटा...



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी की तरफ से ड्राइवर पर हमला करने का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में महिला ने ड्राइवर पर आरोप लगाया है कि वह नशे की हालत में उसके साथ गाली-गलौज करता था।

वीडियो क्लिप में एक व्यक्ति घुटनों के बल बैठा हुआ है, जबकि पूर्व सीएम प्रफुल्ल कुमार महंत की बेटी प्रजोयता कश्यप उसे गाली दे रही हैं और चप्पल से भी मार रही हैं। यह वीडियो राजधानी दिसपुर क्षेत्र में हाई सिक्योरिटी वाले एमएलए हॉस्टल के परिसर में फिल्माया गया था, जहां अन्य कर्मचारी इस घटना को देख रहे थे।

लंबे समय से कर रहा था काम- सोमवार को जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो महिला ने दावा किया कि वह व्यक्ति लंबे समय से उनके परिवार के लिए काम कर रहा ड्राइवर है। लेकिन वह हमेशा नशे में रहता है और मुझ पर टिप्पणी करता है। हर कोई इसके बारे में जानता है।

पुलिस के पास क्यों नहीं गई महिला- इसके बाद जब महिला से पूछा गया कि वह शिकायत लेकर पुलिस के पास क्यों नहीं गईं, तो कश्यप ने सीधा जवाब देने से परहेज किया और कहा कि ज्यादातर मामलों में ऐसे मामलों में महिला पर ही आरोप लगाए जाते हैं।


महिला ने यह भी बताने से इनकार कर दिया कि ड्राइवर किसके साथ काम कर रहा था, उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाया था।

# भारत सरकार ने बदले पासपोर्ट के नियम, अब इस दस्तावेज के बिना नहीं होगा आवेदन



नई दिल्ली (एजेंसी)। पासपोर्ट को एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के तौर पर माना जाता है। पासपोर्ट के होने से किसी भी शख्स की आसानी से पहचान हो जाती है, इसके साथ ही उसकी नागरिकता भी साबित होती है। पासपोर्ट किसी भी अन्य देश की यात्रा करने के लिए सबसे मुख्य दस्तावेज में आता है। इसकी मदद से कोई भी शख्स किसी दूसरे देश में घूमने, पढ़ने या नौकरी-पेशा के लिए आसानी से जाता है। इस बीच भारत सरकार ने पासपोर्ट को लेकर नियमों में बदलाव किया है। इसके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

# जंगल के राजा के बीच पीएम मोदी, बोतल से पिलाया शेर के बच्चे को दूध



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात का दौरा किया और इस दौरान वो विभिन्न जगहों पर गए। सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना और फिर गिर के जंगल में लॉयन सफारी के बाद उन्होंने वनतारा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एक शेर के बच्चे को बोतल से दूध भी पिलाया, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।

पीएम मोदी ने वनतारा किया दौरा-पीएम मोदी ने गुजरात दौरे के दौरान वनतारा वन्यजीव अस्पताल का दौरा कर पशु चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। बता दें, इस अस्पताल में जानवरों के लिए एमआरआई, सीटी स्कैन, आईसीयू और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

सफेद शेर के बच्चे को पिलाया दूध- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सफेद शेर के बच्चे को दूध भी पिलाया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और लोग वीडियो देखकर काफी ज्यादा हैरान भी हो रहे हैं। इस शेर के बच्चे का जन्म वनतारा में ही हुआ था और इसकी मां को रोस्क्यू कर केंद्र में देखभाल के लिए लाया गया था।

भारत में एक समय पर कैराकल की संख्या काफी ज्यादा थी, लेकिन अब यह गायब होते जा रहे हैं। वनतारा में कैराकल को प्रजनन कार्यक्रम के तहत पाला जाता है, फिर उन्हें जंगल में छोड़ दिया जाता है।

केंद्र में जानवरों को मिलती हैं ये सुविधाएं- केंद्र में रेस्क्यू किए गए जानवरों को ऐसी जगह पर रखा जाता है जो करीब-करीब जंगल की तरह दिखता है। पीएम मोदी ने केंद्र के एमआरआई रूम और ऑपरेशन थिएटर का भी दौरा किया।

इस दौरान पीएम मोदी कई खूंखार जानवरों के काफी करीब भी गए थे। वह गोल्डन टाइगर के बिल्कुल सामने भी बैठे नजर आए थे। इसके साथ ही उन्होंने चार स्नो टाइगर्स, सफेद शेर और हिम तेंदुए को काफी करीब से देखा।

# इजरायल की संसद में भारी बवाल, नेतन्याहू के भाषण के बीच घुसने लगी भीड़; झड़प में एक बेहोश और 3 अस्पताल में भर्ती



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल की संसद में हंगामे का मामला सामने आया है। दरअसल, 7 अक्टूबर के आतंकी हमले के पीड़ित बहस सुनने जा रहे थे। तभी संसद की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाबलों ने पीड़ित परिवारों को गैलरी तक जाने से रोक दिया। सुरक्षाबलों ने बल का इस्तेमाल किया। संसद में यह हंगामा तब हुआ जब अंदर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपना भाषण देने में जुटे थे।

सीढ़ियों के पास हुई झड़प- टाइम्स ऑफ इजरायल की खबर के मुताबिक अक्टूबर परिषद के 40 सदस्य गैलरी की तरफ बढ़ने लगे। सीढ़ी पर चढ़ते वक्त उनके साथ सुरक्षाबलों ने धक्का-मुक्की और हाथापाई की। इसके बाद उन्हें पकड़कर बाहर किया।

फर्श पर पड़े शख्स को पीट रहे गार्ड- अक्टूबर परिषद ने एक वीडियो भी साझा किया है। इसमें एक व्यक्ति फर्श पर पड़ा है। सुरक्षा गार्ड उससे हाथापाई करने में जुटे हैं। मौके पर मौजूद अन्य लोग उसे बचाने में जुटे हैं। अक्टूबर परिषद में हमास के हमले में मारे गए लोगों और बंधकों के परिजन व रिश्तेदार शामिल हैं।

एक व्यक्ति हुआ बेहोश- हंगामे के दौरान एक व्यक्ति ने गार्ड से कहा कि आप एक मृतक शख्स के माता-पिता को पीट रहे हैं। संसद में हिंसक झड़प के बाद गैलरी में जाने से पहले कई रिश्तेदार रोते और एक-दूसरे को सांत्वना देते हुए दिखाई पड़े। झड़प में घायल होने के बाद तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती भी कराना पड़ा है। चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार 7 अक्टूबर को नोवा फेस्टिवल में मारे गए यार्डेन बुस्किला के पिता झड़प के दौरान बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल भेजा गया।

एक वीडियो में शिमोन बुस्किला ने कहा कि वह इस घटना से टूट गए हैं। क्या शोक संतप्त परिवारों के साथ ऐसा ही व्यवहार किया जाता है? हमें फर्श पर लिटाया गया? क्या यही हमारी जगह है?

क्या है अक्टूबर 7 हमला- सात अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर इतिहास का सबसे बड़ा हमला किया था। हमास के लगभग 2500 लड़ाकों ने इजरायल के अंदर घुसकर भीषण तबाही मचाई थी।

# ट्रंप हमें गुस्सा मत दिलाओ... नहीं तो करारा जवाब मिलेगा, अमेरिकी राष्ट्रपति पर क्यों भड़की किम जोंग की बहन?

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आज धमकी दी है। किम यो जोंग ने आज कहा कि ट्रंप प्रशासन की उकसावे वाले फैसलों को वो करारा जवाब देंगी।



दरअसल, दक्षिण कोरिया में अमेरिका के विमान वाहक पोत और अन्य गतिविधियों को देखकर किम जोंग की बहन भड़क गई हैं। उन्होंने ट्रंप सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि ये कदम टकरावपूर्ण और उकसावे वाला है, जिसका करारा जवाब दिया जा सकता है।

परमाणु कार्यक्रम को जायज बताया- किम यो ने कहा कि जैसा ट्रंप सरकार गतिविधियां कर रही है, उससे साफ है कि हम जो परमाणु कार्यक्रम चला रहे, वो ठीक कर रहे हैं। किम ने अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस कार्ल विंसन की दक्षिण कोरिया यात्रा की निंदा करते हुए कहा कि यह कार्रवाई उत्तर कोरिया के खिलाफ टकराव की नीति का हिस्सा थी।

केसीएनए रिपोर्ट के अनुसार, किम ने कहा, इस साल जैसे ही अमेरिका में नई सरकार बनी, उसने उत्तर कोरिया के खिलाफ राजनीतिक और सैन्य उकसावे बढ़ा दिए हैं, जो पिछले प्रशासन की शत्रुतापूर्ण नीति को आगे बढ़ाते हैं। वर्तमान में अमेरिका द्वारा डीपीआरके के प्रति अपनाई गई शत्रुतापूर्ण नीति डीपीआरके को अनिश्चित काल तक अपने परमाणु युद्ध निवारक को मजबूत करने के लिए पर्याप्त औचित्य प्रदान कर रही है।

दक्षिण कोरिया ने किया पलटवार- उधर, दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि किम यो जोंग की टिप्पणी उसके परमाणु मिसाइल विकास को सही ठहराने के लिए धोखे से ज्यादा कुछ नहीं है।

## दीपिका की कॉपी पाकिस्तानी एक्ट्रेस का भारत में धमाल, यूट्यूब पर शो ने पार किया 100 करोड़ का आंकड़ा



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तानी ड्रामा शो आजकल दुनियाभर में छाए हुए हैं और भारत में भी लोग इसे देखना काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। यूट्यूब के माध्यम से आसानी से कोई भी शो कहीं से भी देखा जा सकता है, यही कारण है कि पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के शो ने यूट्यूब में पर रिकोर्ड तोड़ दिया है।

हानिया आमिर का शो मुझे प्यार हुआ था, जो अब प्रतिष्ठित 1 बिलियन क्लब में शामिल हो गया है। वहाज अली और हनिया आमिर अभिनीत मुझे प्यार हुआ था शो को अपने समापन के एक साल से भी अधिक समय के बाद यूट्यूब पर 1 बिलियन से अधिक बार देखा गया है।

इस पाकिस्तानी ड्रामा में हानिया आमिर और वहाज अली ने अहम किरदार निभाया है। इसके गाने ने पाकिस्तान ही नहीं भारत के लोगों को भी अपना दीवाना बना लिया था। इस धारावाहिक को 2022 में रिलीज किया गया था। दीपिका की फिल्म के सीन को किया रीक्रिएट

हाल ही में हानिया ने अपने इंस्टाग्राम से एक वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो में हानिया बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण की फिल्म ओम शांति ओम के एक फेमस सीन को रीक्रिएट किया है।

## ट्रंप के दांव पर चीन का एक्शन, अमेरिकी आयात पर लगाएगा 15 फीसदी टैरिफ; शुरू हुआ ट्रेड वॉर




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर की शुरूआत हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार से कनाडा और मेक्सिको पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला किया है। ये टैरिफ आज से लागू हो गए हैं। इसके साथ चीन को भी अमेरिका ने तगड़ा झटका दिया है। अमेरिका ने सभी चीनी इंपोर्ट पर टैरिफ को 10 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी करने का एलान किया है।

अमेरिका के इस एलान के बाद चीन ने जवाबी कार्रवाई की है। चीन ने कई अमेरिकी कृषि उत्पादों के आयात पर 10 से 15 प्रतिशत का अतिरिक्त टैक्स लगाया है। इस प्रकरण में बीजिंग ने कहा कि वह अमेरिका से सोयाबीन, पोर्क और अन्य वस्तुओं के आयात पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा।

इन चीजों पर लगेगा 15 फीसदी टैरिफ - इसके साथ ही चीन ने एलान करते हुए कहा कि अमेरिकी चिकन, गेहूं, मक्का और कपास के आयात पर 15 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। चीनी वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार अतिरिक्त शुल्क 10 मार्च से लागू होंगे। दोनों देशों के बीच शुरू हुए इस टैरिफ वॉर के बाद संभावित व्यापार युद्ध की शुरुआत हो गई है।

## साल 2025 को लेकर टाइम ट्रैवलर की बड़ी भविष्यवाणी, आएंगी भयंकर आपदाएं; दुनिया में मची सनसनी




नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया में कई तरह की भविष्यवाणियां की गई हैं और काफी सालों से ये सिलसिला चलता आ रहा है। बाबा वेंगा और नास्त्रेदमस जैसे कुछ मशहूर भविष्यवाणी करने वाली हस्तियों के बाद अब एक टाइम ट्रैवलर ने साल 2025 को लेकर एक बड़ा दावा किया है, जिसके बाद सनसनी फैल गई है।

टाइम ट्रैवलर ने कहा कि आने वाला समय काफी ज्यादा चुनौतिपूर्ण है और दुनिया इसके लिए तैयार नहीं है। उसने कहा है कि वो आगे का समय देखकर आया है और 2025 में कुछ आपदाएं आने वाली है। हालांकि, उसकी इस भविष्यवाणी पर लोगों की मिक्स प्रतिक्रिया सामने आ रही है।

खुद को टाइम ट्रैवलर बताने वाले शख्स के दावे के बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोग हैरान हैं, तो वहीं कुछ लोग इसका जमकर मजाक भी बना रहे हैं।

क्या है इसकी भविष्यवाणी- इस कथित टाइम ट्रैवलर ने कहा है कि 2025 में दुनिया में भारी उथल-पुथल होने वाली है। हालांकि, उसने ये स्पष्ट नहीं किया है कि आखिर क्या होने वाला है और क्या-क्या बदलाव हो सकते हैं। लेकिन उसका इशारा प्राकृतिक आपदाओं, तकनीकी परिवर्तनों और सामाजिक अस्थिरता की ओर था। उसने दावा किया है कि मानवता को बहुत कठिन दौर से गुजरना पड़ेगा और जो कुछ भी होगा, उसके लिए दुनिया अभी तैयार नहीं है। शख्स के इस दावे के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कुछ लोग इसे अफवाह मान रहे हैं, तो कुछ लोग इसे गंभीरता से ले रहे हैं।

# महिला ने तलाक के बाद मनाया गजब का जश्न, वीडियो देखकर भड़के लोग




नई दिल्ली (एजेंसी)। शादी के वक्त तो लोग खूब जश्न मनाते हैं और काफी धूमधाम से रस्में निभाते हैं। लेकिन क्या कभी किसी को तलाक का जश्न मनाते देखा या सुना है? पाकिस्तान की एक महिला ने तलाक के बाद कुछ इस तरह से जश्न मनाया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला तलाक के बाद काफी ज्यादा खुश नजर आ रही है और जमकर डांस कर रही है। लोग महिला के इस वीडियो पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

महिला ने तलाक का मनाया जोरदार जश्न - इस वायरल वीडियो में महिला के चेहरे पर सुकून, हाथों में जोश और कदमों में मस्ती दिख रही है। महिला तलाक के बाद तेज म्यूजिक बजाकर जमकर डांस करती दिख रही है। महिला के आसपास मौजूद लोग इस मोमेंट को जमकर एन्जॉय करते भी दिख रहे हैं। वीडियो शेयर करते हुए महिला ने लिखा, पाकिस्तानी समुदाय में तलाक को मौत की सजा की तरह माना जाता है। खासकर महिलाओं के लिए। मुझे बताया गया कि मेरी जिंदगी खत्म हो गई है, मुझे इसका अफसोस होगा, मेरी जिंदगी और खुशियां खत्म होने जा रही है? रहने भी दो।

महिला ने आगे लिखा, ÷मैं तलाक होने पर डांस करूंगी। मैं तलाक के बाद हंस रही हूं। जीवन उतना बुरा नहीं है जितना मुझे बताया गया था।

# भारत ने कसा शिकंजा तो बदल गए मोहम्मद यूनुस के तेवर, अचानक दे दिया बड़ा बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पिछले दिनों भारत के खिलाफ काफी कुछ बयान दिया था। लेकिन अब अचानक उनके तेवर और सुर बदलते नजर आ रहे हैं। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश के पास भारत से अच्छे संबंध के अलावा और कोई ऑप्शन नहीं है।

एक इंटरव्यू के दौरान मोहम्मद यूनुस के बोल बदलते नजर आए और आए दिन भारत के खिलाफ हमलावर रहने वाले यूनुस ने अब कहा है कि भारत और बांग्लादेश एक दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिए बांग्लादेश के पास भारत के साथ अच्छे संबंध के अलावा और कोई ऑप्शन नहीं है।

हालांकि, इस दौरान उन्होंने ये भी कहा है कि कुछ दुष्प्रचार ने दोनों देशों के बीच कुछ संघर्षों को जरूर पैदा कर दिया है। मोहम्मद यूनुस ने बीबीसी बांग्ला को दिए इंटरव्यू में उन दुष्प्रचार के स्त्रोतों का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश भारत के साथ अपने संबंध को सुधारने के लिए गलतफहमियों को दूर करने की कोशिश कर रहा है।

थाईलैंड में 3-4 अप्रैल को बिम्सटेक शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है। मोहम्मद यूनुस ने इस आयोजन से ठीक एक महीने पहले ये बयान दिया है। इस सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी और मोहम्मद यूनुस के बीच द्विपक्षीय बैठक आयोजित हो सकती है।

# अब शिकायत पर तुरंत एक्शन लेगा चुनाव आयोग, सियासी दलों के साथ अधिकारियों को बैठक करने का निर्देश




नई दिल्ली (एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने अपनी पूरी मशीनरी को सक्रिय कर दिया है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सियासी दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्रक्रिया के मुताबिक सभी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया है। आयोग ने राज्य चुनाव अधिकारियों के एक सम्मेलन में यह निर्देश दिया है। सम्मेलन के पहले दिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य चुनाव अधिकारियों को 31 मार्च तक मुद्दावार कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शी तरीके से काम करने और सभी वैधानिक दायित्वों को मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार पूरी लगन से पूरा करने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ और उत्तरदायी होने का निर्देश दिया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी दलों की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह सजग रहना होगा।

## पहले पत्नी की हत्या के लिए गाड़ी चलाकर पहुंचा तमिलनाडु, फिर केरल में की आत्महत्या



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने सोमवार अपने घर से कई किलोमीटर दूर दूसरे राज्य में जाकर अपनी पत्नी को गोली मारकर हत्या कर दी और फिर खुद आत्महत्या कर ली।

83 किलोमीटर दूर जाकर की हत्या- सोमवार की सुबह 52 वर्षीय कृष्णकुमार केरल के वंदाजी में अपने पारिवारिक घर से निकला और 83 किलोमीटर दूर कोयंबटूर पहुंचा। इसके बाद उसने अपनी पत्नी और निजी स्कूल की शिक्षिका संगीता से मुलाकात की। दोनों के बीच बहस हुई जिसके बाद कृष्णकुमार ने उन्हें गोली मार दी गई।

कुछ ही देरी बाद कृष्णकुमार अपनी कार में वापस आ गया और अपने घर के लिए वापस जाने लगा। घर जाकर उसने अपने पिता के सामने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। कथित तौर पर व्यक्ति ने एयर गन का इस्तेमाल किया।

इस कारण की हत्या - पुलिस ने बताया कि कृष्णकुमार और संगीता के बीच कथित तौर पर मतभेद थे, जिसके कारण हत्या और आत्महत्या की गई। दंपति की दो छोटी बेटियां अमीषा और अक्षरा हैं।

## अगर मरीज मर गया तो ऑपरेशन कैसे सफल हुआ?, BRS विधायकों के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा क्यों कहा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत राष्ट्र समिति के विधायकों की अयोग्यता से जुड़े मामले पर सुप्रीम कोर्ट में आज (04 मार्च) सुनवाई हुई। इस मामले पर कोर्ट ने तेलंगाना सरकार को नोटिस जारी किया है।

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि विधायकों की अयोग्यता पर विधानसभा अध्यक्ष याचिकाओं पर फैसला लेने में देरी कर रहे हैं। कोर्ट ने इस मामले पर टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या हर बार ऐसा हो सकता है कि ऑपरेशन सफल हो लेकिन मरीज मर जाए?

25 मार्च को होगी अगली सुनवाई- न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने राज्य सरकार, स्पीकर कार्यालय, तेलंगाना विधानसभा सचिव, भारत के चुनाव आयोग और दलबदलू विधायकों से अगली सुनवाई से पहले जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 25 मार्च को होगी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बीआर गवई ने पूछा, ऐसा नहीं हो सकता कि ऑपरेशन सफल हो जाए लेकिन मरीज मर जाए। अयोग्यता नोटिस पर फैसला करने का सही समय क्या है? क्या यह स्पीकर के कार्यकाल के अंतिम समय में होना चाहिए? लोकतांत्रिक मानदंडों का क्या होगा?

एक याचिका में सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हुए तीन बीआरएस विधायकों की अयोग्यता पर तेलंगाना उच्च न्यायालय के नवंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी गई है, जबकि दूसरी याचिका दलबदल करने वाले शेष सात विधायकों के बारे में है।

## गरीब को जरूरी दवाइयां देने में फेल हुई राज्य सरकार, SC ने प्राइवेट अस्पताल की फार्मेसियों के मुद्दे पर की सुनवाई




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने दवाइयों की सुविधा को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारें किफायती मेडिकल देखभाल और बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करने में विफल रही हैं।

कोर्ट ने समाज के गरीब तबके के लोगों के लिए सही दाम पर दवाइयां, खास तौर पर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने में राज्यों की विफलता की तीखी आलोचना की।

फार्मेसियों से खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं- जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें तर्क दिया गया था कि निजी अस्पताल मरीजों और उनके परिवारों को दवाइयां, प्रत्यारोपण और अन्य चिकित्सा देखभाल की वस्तुएं इन-हाउस फार्मेसियों से खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जो अत्यधिक मार्क-अप लगाती हैं।

जनहित याचिका में निजी अस्पतालों को निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे मरीजों को केवल अस्पताल की फार्मेसियों से ही खरीदने के लिए मजबूर न करें और यह भी आरोप लगाया गया कि केंद्र और राज्य विनियामक और सुधारात्मक उपाय करने में विफल रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप मरीजों का शोषण किया जा रहा है।

क्या बोला कोर्ट- इसको लेकर कोर्ट ने कहा कि उचित चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करना राज्यों का कर्तव्य है।

इसने यह भी देखा कि कुछ राज्य अपेक्षित चिकित्सा देखभाल प्रदान करने में सक्षम नहीं थे और इसलिए, उन्होंने निजी संस्थाओं को सुविधा प्रदान की और बढ़ावा दिया।

टॉप अदालत ने पहले इस मुद्दे पर राज्यों को नोटिस जारी किया था।

उड़ीसा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों ने जवाबी हलफनामे दायर किए थे।

## युद्धग्रस्त सूडान की मदद के लिए भारत ने बढ़ाया हाथ, भारी मात्रा में भेजीं जीवनरक्षक दवाएं




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय तटरक्षक जहाज सचेत सूडान के लिए रवाना हुआ, जिसमें कैंसर रोधी दवाओं सहित दो टन से अधिक जीवन रक्षक दवाएं हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सूडान के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान की जाएगी। इससे पहले भारतीय तटरक्षक जहाज सचेत 20 हेमोडायलिसिस मशीनों और एक रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) प्लांट सहित चिकित्सा सहायता लेकर जिबूती के लिए रवाना हुआ। सूडान में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच संघर्ष शुरू हुए करीब दो साल बीत चुके हैं।

सूडान, दक्षिण सूडान और चाड में 25 मिलियन से अधिक लोग बिगड़ती फूड सिक्योरिटी के चक्रव्यूह में फंसे हुए हैं। इनमें सूडान में कम से कम 17 मिलियन लोग शामिल हैं। वर्ल्ड फूड कार्यक्रम के अनुसार, युद्ध के कारण दुनिया में सबसे बड़ा भूख संकट पैदा होने का खतरा है। पिछले महीने, भारत ने हाल ही में आए तूफान फ्रक के मद्देनजर होंडुरास को 26 टन मानवीय सहायता भेजी थी।

कई देशों की मदद कर चुका भारत - इस खेप में सर्जिकल आपूर्ति, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीमीटर, दस्ताने, सीरिंज और IV तरल पदार्थ, कंबल, स्लीपिंग मैट और स्वच्छता किट सहित चिकित्सा आपूर्ति और आपदा राहत सामग्री शामिल थी।

27 जनवरी को, भारत ने इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में भी मानवीय सहायता की एक खेप भेजी, जिसमें जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए ब्रोन्कोडायलेटर्स, इनहेलर और वेंटिलेटर शामिल थे।

विश्वबंधु भारत- भारत ने इराक को मानवीय सहायता भेजी है। इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में लोगों की सहायता के लिए ब्रोंकोडायलेटर्स, इनहेलर्स और वेंटिलेटर से युक्त एक खेप नई दिल्ली से रवाना हुई है।

## मैंने अमित शाह को पहले ही..., अली तौकीर के ISI से संबंध की होगी इंटरपोल से जांच; हिमंत सरमा बोले- सच का पता लगाएंगे



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि उनकी सरकार पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के भारत के आंतरिक मामलों में कथित हस्तक्षेप की जांच में इंटरपोल जैसी एजेंसियों की मदद ले सकती है, जिसके कथित तौर पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की ब्रिटिश पत्नी के साथ संबंध हैं।

सरमा ने हालांकि कहा कि जांच शुरुआती चरण में है और उन्होंने मामले के घटनाक्रम के बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पहले ही सूचित कर दिया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मामला बहुत संवेदनशील है। मैंने गृह मंत्री को इस मुद्दे के बारे में सूचित कर दिया है।

एसआईटी अपनी जांच कर रही है, लेकिन हम एक निश्चित स्तर तक ही अपनी जांच कर सकते हैं। हमें एक निश्चित चरण में इंटरपोल जैसी एजेंसियों की मदद लेनी पड़ सकती है। उन्होंने कहा, पूरी जांच अभी शुरुआती चरण में है और सरकार आने वाले दिनों में इसे यथासंभव आगे ले जाएगी। राज्य पुलिस ने 17 फरवरी को असम और भारत के आंतरिक मामलों पर सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने वाले पाकिस्तानी नागरिक के खिलाफ मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था।

पाकिस्तान योजना आयोग के सलाहकार और गोगोई की ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के पूर्व सहयोगी शेख पर भारतीय न्याय संघ (बीएनएस) और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम या यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे।

गृह मंत्रालय का भी प्रभार संभाल रहे सीएम ने दावा किया कि एसआईटी ने पाकिस्तानी नागरिक से जुड़ी कई प्रारंभिक जानकारियां हासिल कर ली हैं। जब अली तौकीर भारत आए थे, तो उनके साथ पाकिस्तान से भी कई लोग आए थे। यहां तक कि पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल जैसे लोग भी भारत आए थे और वे लोगों की नजरों से दूर रहने के लिए छोटे होटलों में रुके थे।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल षष्ठमी


## संपादकीय

# मध्यप्रदेश अब औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है



मध्यप्रदेश अब औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए ÷लोकल से ग्लोबल÷ दृष्टिकोण को अपनाया गया है। इस रणनीति के तहत रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड शो जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से निवेशकों और उद्योगपतियों को आकर्षित करने के ठोस प्रयास किए गए हैं। ये पहल न केवल राज्य की आर्थिक समृद्धि को गति दे रही हैं, बल्कि स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी दिला रही हैं।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (तद्रूस) न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति ने इस समिट को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया।

औद्योगिक विकास की नींव तब मजबूत होती है जब स्थानीय उद्योगों को आवश्यक संसाधन, तकनीकी सहायता और निवेश का अवसर मिलता है। इसी सोच के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने बीते कुछ महीनों में संभाग स्तर पर 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए, जिनका उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों को निवेशकों और बड़े उद्योगपतियों से जोड़ना था।

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के कारण स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय पहचान मिली। छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़े व्यापारिक नेटवर्क से जोड़ा गया। इससे निवेशकों ने मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापित करने की रुचि दिखाई। इसके साथ ही उद्योगों को और अधिक अनुकूल माहौल देने के लिए आवश्यक बदलावों पर विचार किया गया। बढ़ते उद्योगों के कारण युवाओं के लिए नए रोजगार सृजित हुए। इन कॉन्क्लेव्स के माध्यम से एमएसएमई सेक्टर को विशेष बढ़ावा मिला, जिससे छोटे और मझोले उद्योगों को नई उड़ान मिली। प्रदेशभर में रिजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के सफल आयोजन ने निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया और मध्यप्रदेश को निवेश के लिए एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित किया। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड शो जैसे आयोजनों के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार ने यह साबित कर दिया है कि वह न केवल स्थानीय उद्योगों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि वैश्विक निवेश को भी आकर्षित करना चाहती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य तेजी से औद्योगिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, आधारभूत संरचना मजबूत होगी और प्रदेश की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी।

औद्योगिक क्रांति के इस नए दौर में, मध्यप्रदेश सिर्फ निवेशकों के लिए एक संभावनाओं से भरा प्रदेश नहीं, बल्कि एक ऐसा हब बन गया है जहां उद्योग, व्यापार और नवाचार एक साथ विकसित हो रहे हैं। आने वाले वर्षों में इन प्रयासों का प्रभाव और अधिक स्पष्ट होगा, जिससे प्रदेश न केवल आत्मनिर्भर भारत अभियान में योगदान देगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा। राजधानी में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के आयोजन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उनके मंत्रिमण्डल सहयोगी तथा अफसरों के टीमवर्क की हौसला अफ़ज़ाई करते हुए देश के गृहमंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन देश को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री ने ÷विकास की नई उड़ान÷ थीम पर जोर देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश भारत के औद्योगिक और आर्थिक भविष्य का अहम स्तंभ बनेगा। नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज जब दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है।

# गंगूबाई हंगल



गंगूबाई हंगल भारत की प्रसिद्ध खयाल गायिका थीं। भारतीय शास्त्रीय संगीत के किराना घराने का प्रतिनिधित्व करने वाली गंगूबाई हंगल ने जातीय बाधाओं को पार कर संगीत क्षेत्र में आधे से अधिक सदी तक अपना योगदान दिया। उत्तरी कर्नाटक के धारवाड़ जिले ने हिन्दुस्तानी संगीत के क्षेत्र में देश को कई नामी गिरामी नाम दिए। इनमें भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी, पंचाक्श्री गवई, पंडित पुत्तराजू गवई, पंडित सवई गंधर्व तथा पंडित कुमार गंधर्व शामिल हैं।

अगर एक मुसलमान संगीतज्ञ हो तो उसे उस्ताद कहा जाता है, अगर वह हिन्दू हो तो उसे पंडित कहा जाता है। परन्तु केसरबाई तथा मोगुबाई जैसी संगीत विदुषियाँ केवल बाई ही रह जाती हैं। -गंगूबाई

जीवन परिचय - गंगूबाई का जन्म 5 मार्च 1913 को कर्नाटक के धारवाड़ शहर में एक देवदासी परिवार में हुआ। उनके पिताजी चिक्कुराव नादिगर एक कृषक थे तथा माँ अम्बाबाई कर्नाटक शैली की शास्त्रीय गायिका थीं। बचपन में वह धारवाड़ के शुक्रवरपीट नामक जगह में रहते थे, जो मूलतः एक ब्राह्मण प्रधान क्षेत्र था। उन दिनों जातिवाद बहुत प्रबल था। उनका ब्राह्मणों के घर प्रवेश निषेध था। अपनी जीवनी में गंगूबाई बताती हैं- %मुझे याद है कि बचपन में किस प्रकार मुझे धिक्कारित होना पड़ा था जब मैं एक ब्राह्मण पड़ोसी के बाग़ीचे से आम तोड़ती हुई पकड़ी गई थी। उन्हें आपत्ति इस से नहीं थी कि मैंने उनके बाग़ से आम तोड़े, बल्कि उन्हें आपत्ति थी कि क्षुद्र जाति की एक लड़की ने उनके बाग़ीचे में घुसने का दुस्साहस कैसे किया? आश्चर्य की बात यह है कि अब वही लोग मुझे अपने घर दावत पर बुलाते हैं।

शिक्षा- 1928 में उनकी प्राथमिक स्कूली शिक्षा समाप्त होने पर उनका परिवार हुबली शहर में रहने लगे जहाँ के कृष्णाचार्य संगीत अकादमी में उनकी शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्रारम्भ हुई।

परिवार- गंगूबाई 1929 में 16 वर्ष की आयु में देवदासी परम्परा के अंतर्गत अपने यजमान गुरुराव कौलगी के साथ बंधन में बंध गईं। परंतु गुरुराव का साथ उनके भाग्य में अधिक समय के लिए न रहा। 4 वर्ष बाद ही गुरुराव की मृत्यु हो गई तथा वे अपने पीछे गंगूबाई के साथ 2 सुपुत्र और 1 सुपुत्री छोड़ गए। उन्हें कभी अपने गहने तो कभी घर के बर्तन तक बेच कर अपने बच्चों का लालन-पालन करना पड़ा।

संगीत साधना- गंगूबाई में संगीत के प्रति जन्मजात लगाव था और यह उस वक्त दिखाई पड़ता था जब अपने बचपन के दिनों में वह ग्रामोफोन सुनने के लिए सड़क पर दौड़ पड़ती थीं और उस आवाज़ की नकल करने की कोशिश करती थीं। अपनी बेटी में संगीत की प्रतिभा को देखकर गंगूबाई की संगीतज्ञ माँ ने कर्नाटक संगीत के प्रति अपने लगाव को दूर रख दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि उनकी बेटी संगीत क्षेत्र के एच. कृष्णाचार्य जैसे दिग्गज और किराना उस्ताद सवाई गंधर्व से सर्वश्रेष्ठ हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत सीखे।

गंगूबाई ने अपने गुरु सवाई गंधर्व की शिक्षाओं के बारे में एक बार कहा था मेरे गुरुजी ने यह सिखाया कि जिस तरह से एक कंजूस अपने पैसों के साथ व्यवहार करता है। उसी तरह सुर का इस्तेमाल करो...ताकि श्रोता राग की हर बारीकी के महत्व को समझ सके।

संगीत के प्रति गंगूबाई का इतना लगाव था कि कंदगोल स्थित अपने गुरु के घर तक पहुंचने के लिये वह 30 किलोमीटर की यात्रा ट्रेन से पूरी करती थी और इसके आगे पैदल ही जाती थी। यहां उन्होंने भारत रत्न से सम्मानित पंडित भीमसेन जोशी के साथ संगीत की शिक्षा ली। किराना घराने की परंपरा को बरकार रखने वाली गंगूबाई इस घराने और इससे जुड़ी शैली की शुद्धता के साथ किसी तरह का समझौता किए जाने के पक्ष में नहीं थी। गंगूबाई को भैरव, असावरी, तोड़ी, भीमपलासी, पुरिया, धनश्री, मारवा, केदार और चंद्रकौंस रागों की गायकी के लिये सबसे अधिक वाहवाही मिली। उन्होंने एक बार कहा था मैं रागों को धीरे-धीरे आगे बढ़ाने और इसे धीरे-धीरे खोलने की हिमायती हूं ताकि श्रोता उत्सुकता से अगले चरण का इंतज़ार करे।



संगीत यात्रा- गंगूबाई ने कभी हार नहीं मानी तथा अपने संगीत के पथ पर अटल रहकर अपने लिए हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के दिग्गजों में जगह बनाई। वर्ष 1945 तक उन्होंने खयाल, भजन तथा ठुमरियों पर आधारित देश भर के अलग-अलग शहरों में कई सार्वजनिक प्रस्तुतियाँ दीं। वे ऑल इण्डिया रेडियो में भी एक नियमित आवाज़ थीं। इसके अतिरिक्त गंगूबाई भारत के कई उत्सवों-महोत्सवों में गायन के लिये बुलाई जातीं थीं। ख़ासकर मुम्बई के गणेशोत्सव में तो वे विशेष रुचि लेतीं थीं। 1945 के पश्चात् उन्होंने उप-शास्त्रीय शैली में गाना बंद कर केवल शुद्ध शास्त्रीय शैली में रागों को ही गाना जारी रखा।

पुरस्कार- अगर एक मुसलमान संगीतज्ञ हो तो उसे उस्ताद कहा जाता है, अगर वह हिन्दू हो तो उसे पंडित कहा जाता है। परन्तु केसरबाई तथा मोगुबाई जैसी संगीत विदुषियाँ केवल बाई ही रह जाती हैं।

गंगूबाई हंगल को कर्नाटक राज्य से तथा भारत सरकार से कई सम्मान व पुरस्कार प्राप्त हुए। वर्ष 1962 में कर्नाटक संगीत नृत्य अकादमी पुरस्कार, 1971 में पद्मभूषण, 1973 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 1996 में संगीत नाटक अकादमी की सदस्यता, 1997 में दीनानाथ प्रतिष्ठान, 1998 में मणिक रत्न पुरस्कार तथा वर्ष 2002 में उन्हें पद्मविभूषण से सम्मनित किया गया। वे कई वर्षों तक कर्नाटक विश्वविद्यालय में संगीत की प्राचार्या रहीं।

# क्या यह होम लोन लेने का सबसे सही समय है?



नई दिल्ली (एजेंसी)। घर खरीदना हर किसी का सपना होता है। हालांकि, हर किसी के पास घर खरीदने के लिए जरूरी बजट नहीं होता। इसके लिए हम होम लोन का सहारा लेते हैं। लेकिन, होम लोन सही समय पर लेना काफी जरूरी है। आपको होम लोन लेने से पहले ब्याज दर, बाजार की हालत, आपकी वित्तीय सेहत और सरकार की नीतियों को ध्यान में रखकर ही कोई फैसला लिया जाना चाहिए। लेकिन, सवाल यह है कि क्या अभी होम लोन लेना सही रहेगा? आइए जानते हैं विस्तार से।

ब्याज दर यह सही समय है- आरबीआई ने अपनी फरवरी की एमपीसी मीटिंग में रेपो रेट को 6.50 फीसदी से 25 बीपीएस कम कर 6.25 फीसदी कर दिया है। बेसिक होम लोन के को-फाउंडर और सीईओ अतुल मोंगा का कहना है कि मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने पांच साल में पहली बार रेट में कटौती की है। इसके आधार पर वित्तीय संस्थानों ने होम लोन की ब्याज दर भी घटाई है। यह उन लोगों के लिए बड़ी राहत है, जो होम लोन लेना चाहते हैं।

ईएमआई पर छोटी और लगातार बचत- अतुल मोंगा के मुताबिक, आरबीआई के फैसले से होम लोन लेने वाले उपभोक्ताओं को फायदा हुआ है। इससे उनकी लोन की लागत कम हो जाएगी और घर खरीदना कुछ आसान हो जाएगा। ब्या दर कम होने से उनकी ईएमआई कम होगी, इस तरह घर खरीदने वालों पर आर्थिक बोझ कम होगा। आइए इसका कैलकुलेशन समझते हैं।

उदाहरण के लिए, मान लीजिए आपने 30 साल के लिए 8.75 फीसदी की दर पर 30 लाख रुपये का लोन लिया है। पहले आपकी मासिक ईएमआई तकरीबन 23,601 रुपये होती थी। हालांकि, अब ब्याज दर में बदलाव के कारण उनकी ईएमआई कम होकर 23,067 रुपये हो जाएगी। इस तरह कुल 1,92,098 रुपये की बचत होगी। अगर आप पहले वाली राशि के बराबर ईएमआई चुकाते हैं तो आपका लोन जल्दी खत्म हो जाएगा।

ऐसे में यह उन लोगों के लिए होम लोन लेने का सही समय है, जो ऊंची ब्याज दर और प्रॉपर्टी की आसमान छूती कीमतों के चलते घर खरीदने से हिचक रहे थे।

## झुनझुनवाला फैमिली का इस शेयर पर बड़ा दांव, कमजोर बाजार में भी बना रॉकेट



नई दिल्ली (एजेंसी)। बल्क ड्रग बनाने वाली गुजरात बेस्ड कंपनी कॉनकॉर्ड बायोटेक के शेयरों में कमजोर बाजार में भी रॉकेट सी तेजी आई है। कॉनकॉर्ड बायोटेक के शेयर मंगलवार को BSE में 14 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 1744.35 रुपये पर बंद हुए हैं। झुनझुनवाला फैमिली का कॉनकॉर्ड बायोटेक पर बड़ा दांव है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 2658 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 1326.90 रुपये है।

कॉनकॉर्ड बायोटेक के आईपीओ में शेयर का दाम 741 रुपये था। कंपनी का आईपीओ 4 अगस्त 2023 को दांव लगाने के लिए खुला था और यह 8 अगस्त 2023 तक ओपन रहा। IPO प्राइस के मुकाबले कंपनी के शेयर 100 पर्सेंट से ज्यादा पर ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी के शेयर 4 मार्च 2025 को BSE में 1744.35 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले एक महीने में कॉनकॉर्ड बायोटेक के शेयरों में 22 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। इस साल अब तक कंपनी के शेयर करीब 19 पर्सेंट लुढ़क गए हैं। पिछले डेढ़ साल में कॉनकॉर्ड बायोटेक के शेयरों में 80 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर इस अवधि में 968.15 रुपये से बढ़कर 1744 रुपये के ऊपर जा पहुंचे हैं। वहीं, पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों में करीब 20 पर्सेंट का उछाल आया है।

## एमएसएमई को वैश्विक स्तर पर मिलेगी पहचान, यूपीआई से मिलेगा लोन



नई दिल्ली (एजेंसी)। एमएसएमई मंत्रालय और नीति आयोग इन दिनों जर्मनी की तरह भारतीय एमएसएमई को वैश्विक स्तर का बनाने की कवायद में जुटा है। सरकार एमएसएमई को वैश्विक सप्लाई चेन का हिस्सा बनाना चाहती है ताकि निर्यात में उनकी भागीदारी बढ़े।

इसे ध्यान में रखते हुए इन दिनों एमएसएमई खासकर मीडियम इंटरप्राइजेज के लिए फ्रेमवर्क तैयार किया जा रहा है। पिछले महीने पेश बजट में एमएसएमई को वैश्विक सप्लाई चेन बनाने की घोषणा की गई थी। जर्मनी के जीडीपी में एमएसएमई की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत है। भारतीय जीडीपी में एमएसएमई का योगदान लगभग 30 प्रतिशत है।

टेक्नोलाजी के मामले में भारतीय एमएसएमई पीछे- विशेषज्ञों का कहना है कि जर्मनी एमएसएमई पर आधारित अर्थव्यवस्था है और एमएसएमई में टेक्नोलाजी के अधिकाधिक इस्तेमाल से ऐसा संभव हो पाया है। भारतीय एमएसएमई अभी टेक्नोलाजी के इस्तेमाल में यूरोपीय देशों के काफी पीछे हैं। इसलिए नीति आयोग एमएसएमई सेक्टर में टेक्नोलाजी के इस्तेमाल को लेकर पूरा सर्वे करा रहा है और यह भी समझने की कोशिश की जा रही है कि भारतीय एमएसएमई में इस्तेमाल होने वाली टेक्नोलाजी वैश्विक स्तर के अनुरूप है या नहीं।

इस बात पर दिया जा रहा खास ध्यान - टेक्नोलाजी को अपनाने में यूरोपीय देशों के साथ भारतीय एमएसएमई का तुलनात्मक अध्ययन किया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर एमएसएमई के रुख का भी विश्लेषण किया जा रहा है ताकि उसे देखते हुए भारतीय एमएसएमई को तैयार किया जा सके।

## भाविश अग्रवाल की ओला इलेक्ट्रिक फिर कर रही छंटनी, 1000 लोग होंगे बेरोजगार



नई दिल्ली (एजेंसी)। अरबपति कारोबारी भाविश अग्रवाल के मालिकाना हक वाली ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी करीब 1,000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। पिछले साल भी कंपनी ने 500 कर्मचारियों को निकाला था। इस कॉस्ट कटिंग के साथ ओला इलेक्ट्रिक अपने घाटे को कम करना चाहती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रोक्योरमेंट, फुलफिलमेंट, कस्टमर रिलेशन और चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे विभागों में छंटनी का असर पड़ सकता है। इस खबर के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में गिरावट भी देखने को मिली। यह 3.40 फीसदी की गिरावट के साथ 54.90 रुपये पर बंद हुआ, जो इसका 52 वीक का लो-लेवल है।

ओला इलेक्ट्रिक इस छंटनी पर सीधे टिप्पणी करने से बचते हुए कहा कि यह बदलाव ऑटोमेशन और फ्रंट-एंड ऑपरेशंस के रिस्ट्रक्चरिंग का नतीजा है। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, ÷हमने अपने फ्रंट-एंड ऑपरेशंस को रिस्ट्रक्चर और ऑटोमेटेड किया है। इससे मार्जिन में सुधार, लागत में कटौती और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने में मदद मिली है। इसमें गैर-जरूरी पदों को खत्म करके प्रोडक्टविटी को बढ़ाया गया है।

## 2 या 3 फीसदी... कितना बढ़ेगा महंगाई भत्ता, कब होगा एलान?



नई दिल्ली (एजेंसी)। होली से पहले केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। खबरों की मानें तो सरकार जल्द ही महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा कर सकती है। अभी तक सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पहले मीडिया रिपोर्ट में अंदाजा लगाया जा रहा था कि सरकारी कर्मचारियों को 3 फीसदी का डीए हाइक मिल सकता है। लेकिन, अब हालिया डेटा से संकेत मिलता है कि कर्मचारियों को निराशा हो सकती है।

होली से पहले हो सकता है एलान- इस बार होली 14 मार्च को है। माना जा रहा है कि मोदी सरकार 14 मार्च से पहले ष्ठ हाइक का एलान करके सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दे सकती है। इतना ही नहीं, महंगाई भत्ते के साथ-साथ Dearness Relief में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि पेंशनभोगियों की पेंशन भी बढ़ जाएगी।

साल में दो बार होता है DA संशोधन- 7वें वेतन आयोग के नियमों के अनुसार, महंगाई भत्ते में साल में दो बार संशोधन किया जाता है। पहली बढ़ोतरी 1 जनवरी से लागू होती है। इसकी घोषणा आमतौर पर मार्च में की जाती है। वहीं, दूसरी बढ़ोतरी 1 जुलाई से लागू होती है, जिसका एलान सितंबर में होता है। इस बार जनवरी 2025 से लागू होने वाले DA बढ़ोतरी की घोषणा इसी महीने यानी मार्च में होने की उम्मीद है।

कैसे तय होता है महंगाई भत्ता- केंद्र सरकार कर्मचारियों के वेतन में महंगाई भत्ते की बढ़ोतरी All India Consumer Price Index for Industrial Workers (AICPIN-IW) के आधार पर करती है। यह सूचकांक देश में महंगाई और उपभोक्ता मूल्य स्तर को दर्शाता है। सरकार इस आंकड़े का छह महीने का औसत निकालकर DA बढ़ोतरी का फैसला लेती है।

इस बार कितना बढ़ सकता है DA - लेबर ब्यूरो का डेटा बताता है कि दिसंबर 2024 में CPI-IW 143.7 पर पहुंच गया है। इस आधार पर केंद्रीय कर्मचारियों के DA में 2 फीसदी की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। यह वृद्धि जनवरी 2025 से प्रभावी होगी। पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि सरकारी कर्मचारियों को 3 फीसदी डीए हाइक का लाभ मिल सकता है।

DA हाइक के बाद कितना मिलेगा भत्ता- 7वें वेतन आयोग के तहत, मौजूदा महंगाई भत्ता 53.98 फीसदी है। यह 2 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद यह 55.98 फीसदी हो जाएगा। इसका सीधा फायदा लाखों केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को मिलेगा।

## 14 के शेयर में तूफानी तेजी, लगताार गिरावट के बाद सीधे 13त्न चढ़ गया भाव, मुकेश अंबानी का है बड़ा दांव



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस के स्वामित्व वाली आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर आज मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में आज 13त्न तक की तेजी दंखी गई और यह शेयर 16.78 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया था। इसका पिछला बंद प्राइस 14.88 रुपये था शेयरों में पिछले कई दिनों से गिरावट देखी जा रही थी। इस साल अब तक यह शेयर 23% और पिछले छह महीने में करीबन 40त्न तक टूट गया है। बता दें कि इसी महीने 3 मार्च को यह शेयर 14.50 रुपये के 52 वीक लो पर पहुंच गए थे। यानी इसके मुकाबले एक ही दिन में यह शेयर 15% से अधिक रिकवर कर गया है। इधर, पिछले दो दिनों में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में 2.4% की गिरावट के साथ व्यापक बाजार भारी बिकवाली के दबाव में है।

आलोक इंडस्ट्रीज शेयर मूल्य आज बीएसई 500-लिस्टेड कपड़ा कंपनी आलोक इंडस्ट्रीज ने 4 मार्च को मजबूत सुधार देखा गया। कंपनी के शेयर का 52 वीक हाई प्राइस 32 रुपये है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# मोबाइल चलाने से रोका, तो बेटे ने गुस्से में सब्बल से माता-पिता का सिर फोड़ा; हालत गंभीर



वारासिवनी। बेटे को मोबाइल देखने की लत छोड़कर पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कहना एक माता-पिता के लिए जानलेवा साबित हो गया। वारासिवनी कॉलेज के पीछे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सोमवार रात एक कलयुगी बेटे ने बहस के बाद माता-पिता पर सब्बल से हमला दिया।

माता-पिता की हालत नाजुक बनी हुई है, जिनका गोंदिया के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा है सत्यम

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिंकदरा के पास कालेजटोला में सोमवार रात लगभग 11 बजे सत्यम कटरे (19) ने पिता किशोर कटरे (40) और माता प्रतिभा कटरे (35) पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। सत्यम नीट परीक्षा की तैयार कर रहा है।

पुलिस जानकारी के अनुसार रात में पिता किशोर और सत्यम के बीच लगातार मोबाइल देखने की बात पर बहस हुई थी। पिता ने सत्यम को पढ़ाई पर ध्यान लगाने की समझाइश दी। इससे गुस्सा होकर सत्यम ने माता-पिता पर सब्बल से हमला कर दिया। मां प्रतिभा आइसीयू में भर्ती हैं। हमले के बाद सत्यम ने खुद ही डायल 100 पर फोन कर पुलिस को अपनी करतूत की जानकारी दी।

### हमले में घायल पति-पत्नी हैं शिक्षक-शिक्षिका

हमलावर बेटे की जानकारी सुनकर पुलिस के भी होश उड़ गए। तत्काल पुलिस के आला-अफसर मौके पर पहुंचे और सत्यम को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, घायलों को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद गोंदिया रेफर कर दिया गया।

घायल पति-पत्नी सरकारी शिक्षक हैं। किशोर कटरे जराहमोहगांव में शिक्षक हैं, तो प्रतिभा सावंगी में शिक्षिका हैं। सत्यम माता-पिता की इकलौती संतान है। सत्यम ने कोटा राजस्थान में छह महीने तक रहकर नीट की तैयारी की थी, लेकिन बीच में पढ़ाई छोड़कर वह घर लौट आया और यहीं रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। उसके अच्छे अंक न आने पर पिता ने मोबाइल की लत छोड़ने की सलाह दी थी।

### घर में ही ज्यादा समय रहता था सत्यम

आसपास रहने वालों ने बताया कि सत्यम शांत प्रवृत्ति का है। घर से भी बहुत कम निकलता था। उसकी किसी के साथ दोस्ती-यारी नहीं थी, लेकिन वो ऐसा कर देगा, किसी ने नहीं सोचा था।

### इनका कहना

रात में सूचना मिली कि एक युवक ने अपने माता-पिता पर हमला कर घायल कर दिया है। मौके पर पहुंचकर उसे राउंडअप कर घायलों की गंभीर स्थिति देखते हुए गोंदिया रेफर किया है। प्रथम दृष्टया, सत्यम मोबाइल का आदी है। पिता ने उसे मोबाइल छोड़कर पढ़ाई करने कहा, जिस पर सत्यम ने पिता और माता दोनों पर सब्बल से हमला कर दिया। आरोपी से पूछताछ जारी है।

**-अभिषेक चौधरी, एसडीओपी, वारासिवनी**

# नरसिंहपुर में यात्रियों से भरी बस पलटी, बीस यात्री घायल, चार की हालत गंभीर



नरसिंहपुर। नरसिंहपुर जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लगता दिखाई दे रहा है। रोजाना ही सड़क हादसों में जहां वाहन सवार चोटिल हो रहे है, या फिर अपनी जान गवां रहे है। ऐसा ही हादसा मंगलवार की शाम एक बार फिर उस समय घटित हुआ, जब तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर दाने बाबा की पहाड़ी पर यात्री बस पलट गई, हादसे में बीस यात्री घायल हो गए।

वहीं चार यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें गाडरवारा स्थित स्वास्थ्य केन्द्र से जिला अस्पताल नरसिंहपुर रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सिंह ट्रेवल्स बस जबलपुर से आकर ग्राम गंगई जा रही थी।तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर अचानक से बस के सामने आ गया जिसे बचाने के प्रयास में बस ड्राइवर द्वारा दूसरी दिशा में वाहन को मोड़ा लेकिन वह वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और बस मार्ग से नीचे उतरकर पलट गई।

बस पलटने के साथ ही यात्रियों की चीख पुकार मचनी शुरू हो गई, स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल ही क्षेत्रीय थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीयजनों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया।

# एरियर भुगतान के लिए मांगी रिश्वत, 5 हजार रुपए लेते आईटीआई क्लर्क को लोकायुक्त ने पकड़ा

कटनी। शासकीय आइटीआई के एक लिपिक को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने कर्मचारी के एरियर्स की राशि का बिल तैयार करने व भुगतान कराने के एवज में रिश्वत मांगने पर पांच हजार रूपये की राशि लेते रंगेहाथ पकड़ा है। टीम आरोपित को माधवनगर सर्किट हाउस लेकर पहुंची, जहां पर कार्रवाई के बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया।जानकारी के अनुसार शासकीय आइटीआई कटनी में प्रशिक्षण अधिकारी आनंद चौधरी पिता सोनेलाल चौधरी से संस्था में परिवीक्षा अवधि समाप्त होने के बाद 10 वर्ष की वेतन वृद्धि के एरियर्स की राशि आठ लाख 50 हजार रुपऐ के बिल तैयार करने और भुगतान करवाने के एवज में आइटीआई में पदस्थ सहायक ग्रेड-तीन संदीप कुमार पिता रामचरण बर्मन ने छह हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी।

परेशान होकर पीड़ित ने मामले की शिकायत लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर को की। आनंद ने पैसे देने के बाद टीम को इशारा किया। लोकायुक्त की टीम ने उसे मौके पर ही पांच हजार रुपये की रिश्वत के साथ पकड़ लिया।इसे टीम माधवनगर सर्किट हाउस लेकर गई और उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की है।



# मोहन यादव की सरकार ने 15 दिनों में दूसरी बार बाजार से उठाया छह हजार करोड़ रुपये का कर्ज




भोपाल। प्रदेश सरकार ने 15 दिनों में दूसरी बार छह हजार करोड़ का कर्ज लिया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआइएस) से पहले राज्य सरकार ने 18 फरवरी को ही छह हजार करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। अब मंगलवार को रिजर्व बैंक के मुंबई कार्यालय के माध्यम से बाजार से फिर छह हजार करोड़ रुपये का कर्ज लिया गया है। इस वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार कुल 41 हजार करोड़ रुपये का कर्ज बाजार से ले चुकी है। नया छह हजार करोड़ रुपये का कर्ज मिलाकर यह राशि 47 हजार करोड़ रुपये हो जाएगी। राज्य का बजट 3.65 लाख करोड़ रुपये है लेकिन राज्य पर कर्ज का कुल भार इस समय चार लाख 22 हजार करोड़ रुपये पहुंच गया है। नया कर्ज उठाने के लिए राज्य सरकार ने अपनी आर्थिक स्थिति अच्छी बताई है। मुफ्तखोरी की योजनाओं को पूरा करने में जा रहा कर्ज का एक बड़ा हिस्सा

वर्तमान वित्त वर्ष में राज्य सरकार अगस्त 2024 से अमूमन हर माह नियमित रूप से बाजार से कर्ज उठा रही है।

वित्त विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आर्थिक गतिविधियों और विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए कर्ज लिया जा रहा है।

यह राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम में निर्धारित सीमा के भीतर है। सरकार राज्य सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में तीन प्रतिशत तक कर्ज ले सकती है।

आधा प्रतिशत और कर्ज बिजली सहित अन्य क्षेत्रों में अधोसंरचना सुधार के काम करने पर लिया जा सकता है।

राज्य सरकार द्वारा लिए जाने वाले कर्ज का एक बड़ा हिस्सा मुफ्त की योजनाओं को पूरा करने में ही चला जाता है। वर्ष 2024-25 में सरकार 65 हजार करोड़ रुपये तक कर्ज ले सकती है।

### वित्तीय वर्ष 24-25 में लिया कर्ज

वर्ष- कर्ज (राशि करोड़ में)
06 अगस्त 2024- 5,000
27 अगस्त 2024- 5,000
24 सितंबर 2024- 5,000
08 अक्टूबर 2024-5,000
26 नवंबर 2024 - 5,000
24 दिसंबर 2024 -5,000
31 दिसंबर 2024 - 5,000
18 फरवरी 2025 -6,0000
4 मार्च 2025- 6,000
कुल - 47 हजार करोड़ रुपये

# पांच कारोबारियों पर आयकर का छापा

सतना। आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह सतना जिला मुख्यालय में पांच बड़े कारोबारियों के घर और संस्थानों पर एक साथ छापे मारे। चौंकाने वाली बात यह है कि आयकर अधिकारी किसी शुक्ला परिवार के बराती बनकर शहर में पहुंचे। उनकी कारों पर सुमन संग संगीता के विवाह के स्टीकर चिपके हुए थे।

50 कारों से जबलपुर, इंदौर, रायपुर और भोपाल से आए 100 से अधिक आयकर अधिकारी-कर्मचारी की टीमों ने कारोबारियों के ठिकानों की जांच शुरू की। सभी जगह छापामार टीमें सुबह छह बजे पहुंचीं और कार्रवाई शुरू की। शहर में एक साथ पांच कारोबारियों के यहां छापे पड़ने की सूचना के बाद डरे-सहमे नजर आ रहे कई कारोबारियों ने अपने प्रतिष्ठानों के ताले तक नहीं खोले। आयकर विभाग सूत्रों के अनुसार कार्रवाई दो से तीन तक चल सकती है। इसके लिए सतना सिविल लाइन स्थित आयकर भवन को कंट्रोल रूम बनाया गया है। मंगलवार से बैंक खातों व लॉकर की जांच की जाएगी। आयकर सूत्रों के अनुसार शहर के हुंडी कारोबार सीताराम अग्रवाल के घर पर जब टीम पहुंची, तो अंदर से दरवाजा नहीं खुला।



# रेडक्रॉस के सेवा संकल्प को पीड़ित मानवता की सेवा में करें साकार–राज्यपाल श्री पटेल

इंदौर। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि रेडक्रॉस मानव सेवा का सशक्त प्रकल्प है। सदस्य, रेडक्रॉस के सेवा संकल्पों को पीड़ित मानवता की सेवा कार्यों में साकार करे। राज्यपाल श्री पटेल रेडक्रॉस की मध्यप्रदेश शाखा की वार्षिक साधारण सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने रेडक्रॉस की विभिन्न इकाइयों को पुरस्कृत किया।




राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जिला इकाइयाँ रेडक्रॉस शाखा की पुरस्कृत इकाइयों से पीड़ितों की सेवा के बेहतर कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा ले। इकाइयों से सकारात्मकता के साथ परस्पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करें। सेवा कार्यों का आदर्श प्रस्तुत करें। राज्य शाखा द्वारा प्राप्त निर्देशों और लक्ष्यों का एकनिष्ठता के साथ समय सीमा में पालन करें।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों को आगे बढ़ाने में रेडक्रॉस की भूमिका महत्वपूर्ण है। सिकल सेल की जागरूकता, जांच और उपचार के कार्यक्रमों को ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों तक आयोजित करें। चिन्हित मरीजों का इलाज संवेदनशीलता के साथ करे। उन्होंने उपस्थित जनों से अपील की है कि सिकल सेल से प्रभावित बच्चों और परिवारों की मदद के व्यक्तिगत प्रयास जरूर करें।

राज्यपाल श्री पटेल का पुष्प-गुच्छ से स्वागत और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। रेडक्रॉस राज्य शाखा के चेयरमेन डॉ. गगन कोल्हे ने स्वागत उद्बोधन और मध्यप्रदेश रेडक्रॉस शाखा की 2023-24 का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया। राज्य शाखा के महासचिव श्री रामेन्द्र सिंह ने आगामी कार्य योजना प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष श्री शशांक श्रीवास्तव ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। आभार उपाध्यक्ष श्री भरत झंवर ने माना। बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के. सी. गुप्ता, रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य और जिला शाखा के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## शतरंज की चैंपियन बनीं प्रेस्टीज की डॉ. अवनि त्रिवेदी, संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में रहीं अव्वल

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय शिक्षक एवं कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 में प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, इंदौर की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अवनि त्रिवेदी ने अपनी रणनीतिक कुशलता और बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए शतरंज (महिला, 50 वर्ष से कम आयु वर्ग) में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। डॉ. त्रिवेदी ने सेमीफाइनल में झाबुआ कॉलेज और महू कॉलेज के प्रतिभागियों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उन्होंने होलकर साइंस कॉलेज, इंदौर के प्रतिभागी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में इंदौर संभाग की कुल आठ संस्थाओं ने भाग लिया था, जिसमें शतरंज के इस वर्ग में प्रेस्टिज प्रबंध संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. अवनि ने शानदार जीत दर्ज की।

## केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने पिवड़ाय में देखा मानव चेतना विकास केन्द्र

इंदौर । महिला एवं बाल विकास मंत्रालय केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर गत दिवस इंदौर प्रवास के दौरान मानव चेतना विकास केंद्र पिवड़ाय का भ्रमण तथा अवलोकन किया। केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती ठाकुर ने यहाँ किए जा रहे प्रदूषण मुक्त उत्पादन, सम्बन्ध युक्त विश्वासपूर्वक जीने की मानवीय शिक्षा और व्यापार एवं लाभ-हानि मुक्त व श्रम मूल्य आधारित विनिमय कार्यों का अवलोकन किया। अपने व्यस्ततम कार्यक्रम के बाद भी उन्होंने 30 परिवारों के प्रकल्प में परिवारों से चर्चा कर इसके प्रयास और परिणामों को सराहना की। श्रीमती ठाकुर ने सराहना करते हुए कहा कि यह वसुदेव कुटुम्बकम का व्यवहारिक मॉडल है।

केंद्र के संस्थापक श्री अजय दायमा ने केंद्र में हो रही शिक्षा की वस्तु, प्रक्रिया और सफलताओं का अध्ययन करने और कराने का आग्रह किया और इसमें केंद्र की पूरकता व सहयोग के लिए आश्वस्त किया। केंद्र में संचालित सेवक मुक्त 160 गिर गाय की गौशाला का भ्रमण किया। इस दौरान गौशाला का नेतृत्व कर रही योग्या दीदी ने गौशाला परिवार की आवश्यकता और खेती में पूरकता को बड़ी ही सहजता के साथ स्पष्ट किया। केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती ठाकुर ने गौशाला में गाय के 30 लीटर दूध से एक किलो घी बनने की प्रक्रिया को देखा और इसकी गुणवत्ता की प्रशंसा की। परंपरा के अच्छे कार्यों, श्रम शीलता व संस्कारों को बचाये रखते हुए परिवार के सदस्यों का तालमेल पूर्वक जीने में केंद्र के प्रयास अनुकरणीय है। शिक्षा और खेती से जुड़े विद्वान तथा मंत्रीगण भी इस प्रकल्प को अपने महत्वूर्ण योगदान देंगे।

केंद्र द्वारा परिवार की आवश्यकता की पूर्ति के लिए उत्पादित/प्रसंस्करित 130 से अधिक उत्पादों का अवलोकन कर इसकी विस्तार से जानकारी प्राप्त की। केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने अपने चर्चा के अंत में गुरुकुल जैसी पूर्ण शिक्षा का प्रसार-प्रचार हो ऐसी अपेक्षा व्यक्त की।

## कान-नाक-गला की देखरेख के संबंध में किया गया लोगों को जागरूक




इंदौर। विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर ईएनटी विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न संस्थाओं पर पदस्थ मेडिकल ऑफिसर एवं नर्सिंग ऑफिसर को कान-नाक-गला की देखरेख कैसे करें, इस हेतु जन जागरूकता के लिए प्रशिक्षण प्रदाय किया गया।

इस अवसर पर खण्ड स्तर पर भी जन सेवा हेतु शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत पदस्थ मोबाइल हेल्थ दल द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों में बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही आम जन को सामुदायिक स्तर पर इस हेतु जागरूक भी किया गया कि कान के रिसाव होने पर डॉक्टर से तुरंत सलाह लें, कान को डॉक्टर से ही साफ करवाये, स्वयं या अन्य किसी से नहीं, अगर बार-बार कान से रिसाव हो रहा है, तो हो सकता है कान की हड्डी गल रही है या कोई अन्य वस्तु या चीज कान में फंसी हुई है। इसके अलावा अगर बच्चा जन्म से मूक बधिर है तो शासन के माध्यम से 05 वर्ष तक ऐसे बच्चों का आरबीएस के तहत बाल श्रवण योजना से निःशुल्क उपचार करवाया जाये, जिससे वह सुन व बोल सकें।

## यातायात सुधार की मुहिम जारी

### तेजाजी नगर क्षेत्र में बड़ी संख्या में हटाये गए अतिक्रमण





इंदौर। इंदौर में यातायात सुधार के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में लगातार मुहिम चलाई जा रही है। मुहिम के तहत सड़कों और फुटपाथ पर सामग्री रख कर यातायात बाधित करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है और अतिक्रमण हटाये जा रहे है। इसी सिलसिले में आज नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा झोन क्रमांक 13 में कार्रवाई की गई।

बताया गया कि झोन क्रमांक 13 के अन्तर्गत तेजाजी नगर चौराहे क्षेत्र में फुटपाथ पर अवैध रूप से बने 27 टीन शेड हटाये गये। अन्य अतिक्रमण भी हटाये गए। उक्त कार्यवाही में एसडीएम श्रीमती प्रियंका चौरसिया एवं जोनल अधिकारी अंकेश बिरथरिया आदि उपस्थित थे। रिमूवल की टीम व यातायात बल द्वारा यातायात को सुचारू रूप से व्यवस्थित किया गया। उक्त कार्यवाही में 19 हजार रुपये की चालानी कार्यवाही की गई।

# रोजगार मेले के माध्यम से 652 युवक-युवतियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में मिला रोजगार

### मेले में 73 युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु दिया गया मार्गदर्शन





इंदौर। राज्य शासन और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बेरोजगार युवक-युवतियों को एक छत के नीचे रोजगार और स्वरोजगार देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई और जिला उद्योग केंद्र इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीण हाट बाजार इंदौर में एक दिवसीय रोजगार मेले (युवा संगम) का आयोजन किया गया। इस मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में 652 युवक-युवतियों को नौकरी दिलायी गई। इस रोजगार मेले में कुल 1334 युवक-युवतियों ने भाग लिया। मेले में मुख्य रूप से श्याम ऑटोमोटिव, टाटा मोटर, मोजेक वर्क स्कील, पटेल मोटर्स, श्याम मेटल, लैण्डकार्म ग्रुप, डी.टी. इण्डस्ट्रीज, जॅस्ट डॉयल आदि कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि मेले में 45 कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इन्होंने साक्षात्कार लेकर 652 (92 आवेदिका, 560 आवेदक) का प्रारंभिक रूप से चयन किया। यह चयन सेल्स एक्जिकिटीव, टेलीकॉलर, पेकिंग, सैल्स, टीमलीडर, ड्राइवर, बैकआफिस, हैल्पर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर आदि पदों के लिए किया गया। जिला उद्योग केंद्र द्वारा स्वरोजगार के इच्छुक 73 आवेदकों को शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी/मार्गदर्शन दिया गया। स्वरोजगार स्थापित किये जाने एवं प्रकरण तैयार करने हेतु प्रेरित किया गया और शासन की अप्रेन्टिशिप योजना अंतर्गत 57 आवेदकों का चयन कर कंपनी में भेजे गये। उक्त कार्यक्रम को तीनों विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र इंदौर के महाप्रबंधक श्री एस. एस. मंडलोई और संभागीय आई टी आई के प्राचार्य श्री जी एस शाजापुरकर जी ने सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।




मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# अध्यात्मिक नगरी बसने से एतिहासिक होगा सिंहस्थ महापर्व 2028, साधु-संतों ने देखी कार्य योजना

उज्जैन। सिंहस्थ मेला कार्यालय में 13 अखाड़ों कि परिषद के आग्रह पर साधु संतों ने सिंहस्थ 2028 की कार्ययोजना का प्रजेंटेशन का अवलोकन किया, स्थाई निर्माण व चौड़ी सड़के बनने से मेले में आम श्रद्धालुओं व साधु संतों को होगी सुगमता, और अस्थायी निर्माण पर होने वाला करोड़ों का खर्च बचेगा।

उज्जैन ,आगामी उज्जैन महापर्व 2028 के लिए हरिद्वार की तर्ज पर स्थाई निर्माण चौड़ी सड़के एवं सौन्दर्गीकरण होने से यह महापर्व और ऐतिहासिक स्वरूप धारण करेगा। साधु संतों की मांग पर ही मप्र शासन द्वारा उज्जैन विकास प्राधिकरण ने संपूर्ण मेला क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक नगरी बसाने की वृहद कार्य योजना बनाई जा रही है। आज मंगलवार को समस्त 13 अखाड़ों के साधु संतों ने सिंहस्थ मेला कार्यालय में प्रजेंटेशन के



माध्यम से कार्य योजना का अवलोकन किया।

योजना का प्रारूप समझने के बाद स्थानीय अखाडा परिषद अध्यक्ष डॉ रामेश्वर दास व महामंत्री रामेश्वर गिरी महाराज एवं अन्य संतों ने यही पाया कि स्थाई प्रकृति के निर्माण हो जाने से मेला क्षेत्र में आवागमन की सुगमता, यातायात एवं भीड़ प्रबंधन, स्थाई मल जल निकासी सहित अन्य सुविधाओं को विस्तार होगा एवं स्थानीय रहवासियों को भी कई तरह के लाभ होंगें। विदित हो कि सिंहस्थ क्षेत्र में प्रस्तावित इस योजना को लेकर गत दिनों अखाडा परिषद के साधु-संतों द्वारा भोपाल जाकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार जताकर साधुवाद दिया गया था।

प्रयागराज महाकुंभ 2025 में सनातनी धर्माबलम्बीयों की बड़ी संख्या में स्नान पर्व पर आगमन को देखते हुए, उज्जैन सिंहस्थ 2028 की कार्य योजना अधिक विस्तृत एवं सुरक्षित हो, जिससे अखाड़े के साधु संत और आम जनता की सुरक्षा प्राथमिकता में होनी चाहिए, जो कि प्रस्तावित योजना में निहित है।

## मंगलनाथ मंदिर पर लगी होलाष्टक के पहले भात पूजा करने वालों की भीड




उज्जैन। शिप्रा तट स्थित मंगलग्रह की उत्पत्ति स्थान भगवान श्री मंगलनाथ जी के मंदिर उज्जैन पर आज दिनांक 4 मार्च 2025 को (होलाष्टक के पहले) मंगलनाथ भगवान के मंदिर पर प्रदेश ही नहीं, अपितु देश-विदेश से प्रातः काल की आरती पश्चात 7:00 बजे से निर्धारित समय-सीमा दोपहर पश्चात 3:30 बजे तक सतत रूप से भात पूजन एवं अन्य पूजन कराने हेतु आने वाले यजमानों का सतत रूप से आगमन होता रहा।

विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री मंगलनाथ जी के मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं/दर्शनार्थियों के अतिरिक्त भात पूजन के साथ ही साथ जैसे- भूमि प्राप्ति, धन प्राप्ति, शीघ्र विवाह, यश प्राप्ति,मंगल दोष निवारण तथा समस्त रोगों के निवारणार्थ यजमानों का आना बना रहा। मंदिर पर आने वाले यजमानों की पूजन मंदिर के विद्वावान पंडितगणों/आचार्यगणों द्वारा संपूर्ण विधान के साथ पूजन संपन्न करावाई गई। इन पूजनों की 1463 कंप्यूटरीकृत/मैन्युअल शासकीय रशीदें बनाई गई। इन रसीदों से मंदिर समिति को राशि रुपए-3,11,600/- (रूपए तीन लाख, ग्यारह हजार, छःसो मात्र) की आय प्राप्त हुई।

उपरोक्तानुसार जानकारी देते हुए मंगलनाथ मंदिर के प्रशासक के के पाठक द्वारा यह भी बताया गया कि दिव्यांग एवं असहाय दर्शनार्थियों को मंदिर समिति के कर्मचारियों के द्वारा व्हीलचेयर पर लाकर मंगलनाथ जी के सुलभ एवं व्यवस्थित तरीके से दर्शन करवाए गए। साथ ही प्रशासक द्वारा यह भी बताया गया कि जिन दर्शनार्थियों को जल्दी रहती है उन्हें विशेष दर्शन पास (प्रति व्यक्ति रुपये 100/-)की व्यवस्था के आधार पर दर्शन कराए गए।

## सिद्धपीठ श्री दिव्य धाम देवस्थान पर तीन दिनी महोत्सव 9 मार्च से



उज्जैन। हर साल की तरह इस साल भी सिद्धपीठ श्री दिव्य धाम देवस्थान के पांच वर्ष पूर्ण होने पर हाटकेश्वर कॉलोनी के सामने विनायक सिटी में श्री खाटूश्याम बाबा का तीन दिनों का भव्य आयोजन होने जा रहा है। मंदिर पुजारी महंत हरिभैया व्यास ने बताया कि 9 मार्च से लेकर 11 मार्च तक बाबा का मेला लगेगा। 9 मार्च को रविवार के दिन दोपहर में 3 बजे से कॉसमॉस मॉल के सामने नानाखेड़ा सब्जी मंडी से बाबा की निशान पैदल यात्रा निकाली जाएगी जो सी21 मॉल नानाखेड़ा चौराहा, शांति पैलेस चौराहा होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचेगी ।

## 16 संस्कार हमारे जीवन के आवश्यक अंग-बालयोगी स्वामी उमेशनाथ महाराज



उज्जैन। म.प्र. नागर ब्राह्मण परिषद के तत्वावधान में 11 जोड़ो का सामुहिक विवाह एवं 6 बटूको का यज्ञोपवीत संस्कार आचार्य पंडित कैलाश शुक्ल, पं. संतोष नागर, डॉ.राम नागर एवं समाज के युवा आचार्यो द्वारा संपन्न हुआ।

मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पंडित केदार रावल, कार्यक्रम संयोजक प्रदेश महासचिव हेमंत व्यास, महिला अध्यक्ष सोनिया मंडलोई के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न इस कार्यक्रम में उज्जैन, इन्दौर, खंडवा, देवास, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, भोपाल के साथ संपूर्ण मध्य प्रदेश और भारत के अनेक स्थानों से पधारे नागर जनों ने सहभागीता की। उज्जैन महिला शाखा अध्यक्ष प्रीति शर्मा ने बताया कि परिषद द्वारा सामुहिक विवाह और यज्ञोपवीत संस्कार में सभी बटुको को और नव दंपतियों को उपहार प्रदान किए गए और प्रतिवर्ष इस प्रकार के सामूहिक संस्कार किए जाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, सासंद अनिल फिरोजीया, भा.ज.पा.के जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, मुकेश यादव, अ.भा.सर्वब्राम्हण समाज के अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र चतुर्वेदी, पं. जियालाल शर्मा एवं अन्य के साथ ही संपूर्ण प्रदेश की विभिन्न शाखाओं से नागर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों सदस्यों ने शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया एवं वर-वधू ओर बटूको कों आशीर्वाद प्रदान किया। बालयोगी स्वामी उमेशनाथ महाराज ने कहा कि 16 संस्कार हमारे जीवन के आवश्यक अंग हैं। वहीं नागर ब्राह्मण समाज को सांसद अनिल फिरोजिया ने संस्कारों से परिपूर्ण समाज बताया।

# गलत दवाई देने एवं गर्भपात की दवाइयों का अवैध व्यवसाय करने वाले 2 मेडिकल स्टोर को किया गया सील








उज्जैन । कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पदेन उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला उज्जैन के मार्गदर्शन में पुष्पा मिशन हॉस्पिटल आज़ाद नगर उज्जैन के सामने स्थित आंजना मेडिकोज़ एण्ड जनरल स्टोर एवं अक्षय मेडिकोज को किया सीलबंद। आंजना मेडिकोज़ एण्ड जनरल स्टोर की शिकायत कार्यालय में प्राप्त हुई थी, जिसमें उल्लेख था कि मरीज को दुकान संचालक ने डॉक्टर द्वारा लिखी दवाई न देकर अन्य दवाएँ दे दी गई। दिनांक 04.03.2025 को औषधि निरीक्षकों के दल जिसमें श्री देशराज सिंह राजपूत, श्री धर्म सिंह कुशवाह एवं श्री सोमेश पालीवाल द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया तथा शिकायत का सत्यापन किया गया जोकि सही पाई गई, इसके अतिरिक्त अन्य अनियमितताएँ भी पाई गई। उक्त मेडिकल स्टोर से अवैध एमटीपी किट (गर्भपात की दवाईयाँ) का अवैध रूप से विक्रय व संधारण पाया गया। इसी प्रकार अक्षय मेडिकोज में भी एमटीपी किट (गर्भपात की दवाईयाँ) का अवैध रूप से व्यवसाय करना पाया गया एवं अन्य अनियमितताएँ भी पाई गई। अतः उपरोक्त दोनों मेडिकल स्टोर को अग्रिम निर्देशों/आदेश तक सीलबंद किया गया।

## 8 मार्च को लगेगी बीएसएनएल की नेशनल लोक अदालत




उज्जैन। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार आगामी 8 मार्च शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओ की सुविधा हेतु जिला न्यायालय उज्जैन, तहसील न्यायालय तराना, महिदपुर, बडनगर, नागदा एवं खाचरौद में बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल पोस्ट-पेड बिल संबंधित प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा।

उपभोक्ताओं द्वारा पुराने बिल की बकाया राशि जमा करने पर आकर्षक छूट नियमानुसार 10 से 50 प्रतिशत तक का लाभ उपभोक्ताओ को दिया जाएगा। उपभोक्ताओं के अनुरोध पर उन्हें पुनः लीज्ड सर्किट, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल सेवाएँ प्रदाय की जाएँगी।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com